केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर संभाग

सत्रांत परीक्षा (2024-25)

कक्षा – 9 वीं

विषय - हिंदी 'अ' **अधिकतम अंक – 80**

समय - 3 घंटे

सामान्य निर्देश:–

1. इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं – खंड 'क' अपठित बोध, खंड 'ख' व्यावहारिक व्याकरण, खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक, खंड 'घ' रचना लेखन।

2. प्रश्नपत्र के चारों खंडों को मिलाकर प्रश्नों की संख्या 15 हैं और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |

3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

4. कई प्रश्नों में उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

	खंड (क) अपठित बोध	**14 अंक**
प्रश्न 1	**निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** आज जलवायु परिवर्तन विश्व के सबसे गंभीर मुद्दों में से एक है। इसका प्रभाव न केवल पर्यावरण पर बल्कि मानव जीवन के हर पहलू पर पड़ रहा है। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण ध्रुवीय बर्फ तेजी से पिघल रही है, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, और मौसम चक्र अनियमित हो रहे हैं। अत्यधिक तापमान, सूखा, बाढ़ और तूफानों की बढ़ती घटनाएं इसका स्पष्ट संकेत हैं। भारत जैसे विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव अधिक गंभीर हैं, क्योंकि यहाँ की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है। मानसून में असामान्यता के कारण किसान संकट में हैं। साथ ही, वायु और जल प्रदूषण जैसे कारक इस समस्या को और बढ़ा रहे हैं। लेकिन समाधान भी हमारे ही हाथों में है। पौधारोपण, स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग, और प्लास्टिक के उपयोग में कमी जैसे छोटे कदम भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इसके अलावा, सरकारों को भी इस दिशा में सख्त नीतियाँ लागू करनी होंगी। यह समय है कि हम सभी अपनी जिम्मेदारी समझें और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करें। **निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए ।** 1.**कथन: जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में कृषि संकट में है।**	**1x3= 3**

	कारण:भारत में कृषि मानसून पर निर्भर है,और जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून अनियमित हो रहा है। (A) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है। (B) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है। (C) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है। (D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है। 2**. कथन: ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण समुद्र का स्तर बढ़ रहा है।** **कारण: ग्लोबल वॉर्मिंग से ध्रुवीय बर्फ तेजी से पिघल रही है।** (A) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है। (B) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है। (C) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है। (D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है। 3. **जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए कौन-सा कदम सबसे उपयुक्त है?** (A) प्लास्टिक का अधिक उपयोग (B) वनों की कटाई (C) पौधारोपण (D) कोयले का उपयोग	
	4. **ग्लोबल वॉर्मिंग के दो प्रमुख प्रभाव लिखिए।** 5. **जलवायु परिवर्तन की समस्या को कम करने में व्यक्तिगत और सरकारी स्तर पर कौन-कौन से प्रयास किए जा सकते हैं?**	**2x2= 4**
प्रश्न 2	**निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** अध्ययन ही है सफलता की कुंजी, यह दूर करे हर अज्ञान की दूरी। जो पढ़े मन से, वह सब कुछ पाए, ज्ञान का दीपक हर अंधेरा मिटाए। आत्मविश्वास से भर लो अपना मन, यह है जीत का सबसे बड़ा कारण। चुनौतियों को यदि साहस से हराओ, सपनों को सच होते देख मुस्काओ।	**1x3= 3**

	अध्ययन और आत्मबल जब संग हो जाएँ , हर मंजिल पर झंडे फहराए जाएँ । मेहनत और विश्वास का रखो संबल, जीवन की राह बनेगी सरल। **1. कथन: आत्मविश्वास सफलता प्राप्त करने का सबसे बड़ा कारण है।** **कारण: आत्मविश्वास चुनौतियों का सामना करने और सपनों को सच करने का साहस देता है।** (A) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है। (B) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है। (C) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है। (D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है। **2. कथन: अध्ययन अज्ञान को दूर कर सकता है।** **कारण: अध्ययन ज्ञान का दीपक है जो अंधकार को मिटाता है।** (A) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है। (B) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है। (C) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है। (D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है। **3. ज्ञान का दीपक क्या करता है?** (A) अंधकार बढ़ाता है (B) अंधेरा मिटाता है (C) रोशनी छुपाता है (D) मन को विचलित करता है	
	4. **आत्मविश्वास से भरे मन का क्या लाभ है?** 5. **मेहनत और आत्मविश्वास के साथ जीवन की राह कैसे सरल बनती है?**	**2x2=4**
	खंड (ख) व्यावहारिक व्याकरण	**16 अंक**

प्रश्न 3	**'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** 1.उपसर्ग और प्रत्यय में मुख्य अंतर क्या है? 2.**'हित'** में उपसर्ग जोड़कर नया शब्द बनाइए। 3.**'अनुज'** शब्द में प्रत्यय लगाकर नया शब्द बनाइए| 4.**'अध्यापिका'** शब्द का मूल शब्द अलग करके लिखिए | 5.**'उप' उपसर्ग** या **'इत' प्रत्यय** से नवीन शब्द बनाइए।	**1x4=4**
प्रश्न 4	**'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** 1 समास कि परिभाषा लिखिए| 2. **कर्मधारय समास** का उदाहरण लिखिए। 3 **शक्तिसंपन्न** में कौन-सा समास है? 4 किस समास में पहला पद **संख्यावाचक** होता है? 5 बहुव्रीहि समास की परिभाषा लिखिए।	**1x4=4**
प्रश्न 5	**'अर्थ की दृष्टि से वाक्यभेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** 1 आज्ञावाचक वाक्य का उदहारण लिखिए| 2. **हम परित्यक्त चीनी किले से आगे निकल पड़े** अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन-सा भेद है? 3 **मेरी माता जबलपुर से आईं थीं|** इस वाक्य में उद्देश्य और विधेय लिखिए। 4 **माँ थोड़ी संस्कृत जानती थी|** वाक्य को निषेध वाचक वाक्य में बदलिए। 5 प्रश्नवाचक वाक्य की परिभाषा और उदाहरण लिखिए।	**1x4=4**
प्रश्न 6	**'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** 1 शब्दालंकार की परिभाषा लिखिए। 2. **श्लेष अलंकार** का उदाहरण लिखिए। 3 **मुदित महीपति मंदिर आए** में कौन-सा अलंकार है? 4 **यमक अलंकार** की परिभाषा लिखिए| 5 **रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून** में कौन-सा अलंकार है?	**1x4=4**
	खंड (ग) क्षितिज एवं कृतिका पाठ्यपुस्तक	**30 अंक**

प्रश्न 7	**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए –** मोड़ और पहाड़ों के कोनों के कारण बहुत दूर तक आदमी को देखा नहीं जा सकता। डाकुओं के लिए यही सबसे अच्छी जगह है। तिब्बत में गाँव में आकर खून हो जाए, तब तो खूनी को सज़ा भी मिल सकती है, लेकिन इन निर्जन स्थानों में मरे हुए आदमियों के लिए कोई परवाह नहीं करता। सरकार खुफ़िया-विभाग और पुलिस पर उतना खर्च नहीं करती और वहाँ गवाह भी तो कोई नहीं मिल सकता। डकैत पहिले आदमी को मार डालते हैं, उसके बाद देखते हैं कि कुछ पैसा है कि नहीं। हथियार का कानून न रहने के कारण यहाँ लाठी की तरह लोग पिस्तौल, बंदूक लिए फिरते हैं। डाकू यदि जान से न मारे तो खुद उसे अपने प्राणों का खतरा है। 1.**हथियार का कानून नहीं होने के कारण अधिकांश लोगो के पास कौन-सा हथियार होता था** ? **(**क**)** बम **(**ख**)** लाठी **(**ग**)** पिस्तौल **(**घ**)** इनमें से कोई नहीं 2. **किन स्थानों में मरे हुए आदमियों के लिए कोई परवाह नहीं करता**? **(**क**)** निर्जन स्थानों में **(**ख**)** गाँवों में **(**ग**)** नदियों के किनारों पर **(**घ**)** इनमें से कोई नहीं 3. **डाकुओं के लिए यही सबसे <u>अच्छी</u> जगह है। रेखांकित शब्द है –** **(**क**)** संज्ञा **(**ख**)** विशेषण **(**ग**)** क्रिया **(**घ**)** विस्मयादिबोधक 4. **डाँड़ा थोड्ला में किसका खतरा होता है ? नीचे दिए गए सही विकल्प का चयन करें** - **(i)** पुलिस का **(ii)** डाकुओं का **(iii)** ग्रामीणों का **(iv)** कोई खतरा नहीं **(**क**) (i)**और**(iii)** **(**ख**)** केवल**(ii)** **(**ग**) (i)**और**(ii)** **(**घ**)** केवल**(iv)** 5. **सही विकल्प का चयन करें –** (A) **कथन – तिब्बत में लोग लाठी डंडे की जगह बंदूक लेकर घूमते थे।** (R) **कारण – तिब्बत में हथियार का कानून नहीं था।** **(**क**)** कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों सही है,कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या करता है **(**ख**)** कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों सही है,किन्तु कारण **(R)** कथन **(A)**की सही व्याख्या नहीं करताहै **(**ग**)** कथन **(A)** सही है किन्तु कारण **(R)** गलत है	**1x5= 5**

	(घ) कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों गलत है	
प्रश्न 8	**क्षितिज पाठ्यपुस्तक के गद्य भाग पर आधारित निम्नलिखित में से तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (शब्द सीमा – 25-30 शब्द)**	**2x3= 6**
1	आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे रीति रिवाज और त्योहारों को किस प्रकार प्रभावित कर रही हैं? अपने अनुभव के आधार पर लिखिए।	
2	सालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री के सामने पर्यावरण से संबंधित किन संभावित खतरों का चित्र खींचा होगा कि जिससे उनकी आंखें नम हो गई थी?	
3	आपकी दृष्टि में वेश-भूषा के प्रति लोगों की सोच में आज क्या परिवर्तन आया है?	
4	**मेरे बचपन के दिन** पाठ के आधार पर लेखिका की पड़ोसन ताई साहिबा के किन्हीं दो गुणों का वर्णन कीजिए।	
प्रश्न 9	**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए -** बूढ़े पीपल ने आगे बढ़ कर जुहार की 'बरस बाद सुधि लीन्ही' बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की हरसाया ताल लाया पानी परात भर के। मेघ आए बड़े बन-ठन के संवर के ।.... क्षितिज अटारी गहराई दामिनि दमकी 'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की' बांध टूटा झर-झर मिलन अश्रु ढरके मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।। **1. बादल रूपी मेहमान के आने पर किसने उन्हें बुजुर्ग की तरह स्वागत किया?** (क) चंद्रमा (ख) तारे (ग) पीपल (घ) बिजली **2. बूढ़ा पीपल किसका प्रतीक है?** (क) शिक्षित लोगों का (ख) बड़े-बुजुर्ग का (ग) बीमार लोगों का (घ) मेहमान का **3. कविता में किस ऋतु का मनोरम और काल्पनिक चित्रण हुआ है?**	**1x5= 5**

	(I) वसंत ऋतु का (II) ग्रीष्म ऋतु का (III) वर्षा ऋतु का (IV) शिशिर ऋतु का **विकल्प**- (क) I और II (ख) II और III (ग) केवल III (घ) केवल IV **4. 'बाँध टूटा झर-झर मिलन के अश्रु ढरके।' इस पंक्ति में बाँध टूटना किस बात को दर्शाता है?** (क) नाराज़गी के भाव को। (ख) कलह समाप्त होने के भाव को। (ग) गर्मी के होने को। (घ) प्रेम के मधुर पल का। **5. ताल किसका प्रतीक है?** (I) कटोरे का (II) घर के सदस्य का (III) पानी से भरे खेत का (IV) शिशिर ऋतु का **विकल्प-** (क) I और II (ख) केवल II (ग) III और IV (घ) केवल II	
प्रश्न 10	**क्षितिज पाठ्यपुस्तक के पद्य भाग पर आधारित निम्न तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (शब्द सीमा - 25-30 शब्द)**	**2x3= 6**
1	कबीर ने इश्वर प्राप्ति के लिए किन-किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है?	
2	पुनर्जन्म होने पर कवि की क्या कामना है? रसखान के सवैये पाठ के आधार पर बताइए।	
3	'ग्राम श्री' कविता में किस मौसम के सौंदर्य का वर्णन है?	
4	आपके विचार से बच्चों को 'काम' पर क्यों नहीं भेजा जाना चाहिए? उन्हें क्या करने के अवसर मिलने चाहिए?	
प्रश्न 11	**कृतिका पाठ्यपुस्तक आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (शब्द सीमा 50-60 शब्द)**	**2x4= 8**
1	सबकी ज़बान पर एक ही जिज्ञासा- पानी कहाँ तक आ गया है? इस कथन से जनसमूह की कौन-सी भावनाएँ व्यक्त होती हैं?	
2	आप अपनी कल्पना से लिखिए कि परदादी ने पतोहू के लिए पहले बच्चे के रूप में लड़की पैदा होने की मन्नत क्यों मांगी?	
3	**रीढ़ की हड्डी** पाठ में किस सामाजिक समस्या के बारे में बात की गई है?	

	क्या आज भी इस समस्या का भयानक रूप समाज में दिखाई देता है? स्पष्ट कीजिए।	
	खंड (घ) रचना लेखन	**20**
प्रश्न 12	**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए –**	**6x1 =6**
*	**जल संरक्षण की आवश्यकता** संकेत बिंदु: 1. पानी की कमी के कारण और इसके प्रभाव। 2. जल संरक्षण के उपाय। 3. समाज और सरकार की भूमिका।	
*	**डिजिटल शिक्षा का प्रभाव** संकेत बिंदु: 1. डिजिटल शिक्षा के लाभ और चुनौतियाँ। 2. ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा का तुलनात्मक अध्ययन। 3. विद्यार्थी और शिक्षक के दृष्टिकोण से डिजिटल शिक्षा।	
*	**स्वच्छता और स्वास्थ्य** संकेत बिंदु: 1. व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के बीच संबंध। 2. सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के उपाय। 3. स्वच्छता अभियानों की सफलता और समाज की भागीदारी।	
प्रश्न 13	आप अजीत/अजिता हैं, आपके नगर की एक प्रसिद्ध डेयरी में दूध तथा दूध से निर्मित पदार्थो में मिलावट की जाती है। नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र द्वारा जानकारी देते हुए उचित कार्यवाही के लिए अनुरोध कीजिए। **अथवा** आप सौम्य/सौम्या हैं, विदेश यात्रा पर जाने वाले मित्र को शुभकामना देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।	**5x1= 5**
प्रश्न 14	आप सुशील गुप्ता/ सुशीला गुप्ता है, अपने नगर के भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक को पासबुक में नाम सुधरवाने के लिए लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए। **अथवा** 'बिना विचारे कार्य नहीं करना चाहिए' विषय पर 100 शब्दों में लघुकथा	**5x1= 5**

	लिखिए।	
प्रश्न 15	दो विद्यार्थियों के मध्य परीक्षा की तैयारी के सम्बन्ध में हुए संवाद को लगभग 80 शब्दों में लिखिए| **अथवा** विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव की ओर से **'एक भारत श्रेष्ठ भारत'** विषय पर होने वाली कार्यशाला के लिए 80 शब्दों में एक सूचना लिखिए ।	**4x1= 4**